# कलेक्टर ने मां जागेश्वरी मंदिर परिसर में कराया कन्या भोज

## पहाड़ों में स्थित माता की पूजा कर मांगी जिले की सुख समृद्धि



**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** आदि शक्ति मां भवानी की नवरात्रि की धूम जिलेभर में दखी जा रही है और लोग तरह-तरह के व्रत, पूजन कर माता रानी को मनाने में जुटे हुए है। इसी तारम्यता में जिला कलेक्टर आदित्य सिंह ऐतिहासिक नगरी चंदेरी पहुंचे और जिले के प्रसिद्ध शक्तिपीठो में से एक मां जागेश्वरी की विधि विधान से पूजा अर्चना करते हुए मां जागेश्वरी माता से जिलेवासियों के सुख समृद्धि की कामना की। तो वहीं सेवा भारती समिति चंदेरी द्वारा आयोजित कन्या पूजन एवं कन्या भोज कार्यक्रम में शामिल होकर कन्याओं का पूजन कर कन्या भोज कराया।

इसके अलावा कलेक्टर श्री सिंह द्वारा मां जागेश्वरी मंदिर पर अष्टमी पर महाआरती के आयोजन की तैयारियों के संबंध में अधिकारियों से जानकारी ली एवं आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने शहर में मां दुर्गा पंडालो की व्यवस्थाओं एवं विसर्जन स्थल पर आवश्यक व्यवस्थाओं के संबंध में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर एसडीएम शुभ्रता त्रिपाठी, तहसीलदार दिलीप दरोगा सहित चंदेरी से संबंधित कई अधिकारी उपस्थित रहे।

### कदवाया पहुंचकर मां बीजासन के किये दर्शन, दिए निर्देश

कलेक्टर आदित्य सिंह गुरूवार को जनपद पंचायत ईसागढ़ की ग्राम पंचायत कदवाया में विराजमान मां बीजासन माता के दरबार में पहुंचे, जहां उन्होंनें पूजा अर्चना की। इसके साथ ही कन्याओं का पूजन कर कन्या भोज कराया। इस अवसर पर उन्होंने निर्देशित किया कि नवरात्रि के दौरान बडी संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए मंदिर परिसर में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं दुरूस्त रखी जाए। इस अवसर पर एसडीएम ईसागढ़ त्रिलोचन गौड़ सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।



# बैंककर्मियों से मारपीट करने वाला आरोपी पिस्टल के साथ गिरफ्तार

**बैंक का लाखों का बकायादार है आरोपी**

**पुलिस की त्वरित कार्यवाही से आरोपी हुआ गिरफ्तार**

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** लोन रिकवरी के लिए बकायदार के घर पहुंचे बैंक के मैनेजर और सहायक प्रबंधक के साथ कर्जादार द्वारा मारपीट की गई और उन्हें बंधक बना लिया गया। जिसकी जानकारी जैसे ही पुलिस को लगी तो वह मौके पर पहुंची और उन्हें छुड़ाया गया, तो वहीं मारपीट करने वाला बकायदार मौके से फरार हो गया, जिसे पुलिस ने अगले दिन गुरूवार को गिरफ्तार किया और उससे घटना में उपायुक्त हुई पिस्टल भी बरामद की गई।

सिटी कोतवाली टीआईरवि प्रताप चौहान ने बताया कि मंगलवार को सेन चौराहा स्थित एसबीआई की एसईएमई शाखा के शाखा प्रबंधक विक्रम सिंह रावत और उप शाखा प्रबंधक अपने ग्राहक जितेन्द्र रघुवंशी से 90 लाख रुपए के सीसी लोन की बकाया किस्त के संबंध में चर्चा के लिए उनके निवास पर पहुंचे थे। जिन्हें पहले कई बार नोटिस भेजे गए थे, लेकिन नोटिस मिलने के बावजूद बकायदार द्वारा भुगतान नहीं किया गया। इसी बातचीत के दौरान बकायदार अचानक से आग बबूला हो गया और पिस्टल तान दी। वहीं बैंक अधिकारियों से गाली-गलौज करते हुए उनसे मारपीट की, साथ ही उनके फोन छीनकर तोड़ दिए। इसके अलावा उप शाखा प्रबंधक को बंधक बना लिया था। इस घटना की रिपोर्ट दर्ज की गई और मामले से पुलिस अधीक्षक को अवगत कराया गया। जिसे पुलिस कप्तान ने गंभीरता से लेते हुए आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए टीम गठित की और टीम ने गुरूवार को आरोपी गिरफ्तार कर लिया।

## एक नजर में

### ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

**अशोकनगर।** सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के नौघरा के पास रेलवे लाइन पर एक व्यक्ति ट्रेन की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौत हो गई। वहीं घटना की जानकारी लगने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव के टुकड़ों को एकत्रित कर पीएम के लिए जिलाअस्पताल भिजवाया गया। वहीं खबर लिखे जाने तक मृतक की पहचान नहीं हो सकी। जिसकी बजह से मृतक की मौत हादसा है या फिर आत्यहत्या इसके बारे में कुछ नहीं कहा जा सकता। फिलहाल कोतवाली पुलिस द्वारा मृतक की शिनाख्त के लिए कार्य किया जा रहा है।

### रक्तदान शिविर में 19 यूनिट रक्त अर्जित

**अशोकनगर।** सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा गुरूवार को पॉलिटेक्निक कॉलेज में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ चेयरमेन दीपक मिश्रा ने किया और कहां रक्तदान जीवन दान है, रक्त किसी फैक्ट्री में नहीं बनता हम मानवता की सेवा करने वाले हैं सभी युवाओं को आगे आकर रक्तदान करना चाहिए, जिससे रक्त की कमी से किसी की जान को जोखिम न हो। शिविर में करीब 19 यूनिट रक्त अर्जित किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डा बृजेश गुप्ता, डा बीएल टैगोर सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# शिव टोरिया और नमो पार्क की साफ-सफाई

## सेवा पखवाड़ा अभियान में नगरपालिका ने आयोजित किए कई कार्यक्रम

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत नगरपालिका द्वारा गुरूवार को विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। जहां ईदगाह पर करीब एक घंटे तक साफ-सफाई की गई, तो वहीं शिव टोरिया स्थित नमो पार्क में सफाई अभियान चलाया गया, इसके बाद अपर कलेक्टर के नेतृत्व में पौधारोपण किया गया।

नपा सीएमओ विनोद उन्नीतान ने बताया कि शासन द्वारा 17 सिंतबर से 2 अक्टूंबर सेवा पखवाड़ा अभियान चलाया जा रहा है, जिसके तहत नगरपालिका द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। इसी कड़ी में गुरूवार को सामुदायिक भागीदारी के साथ ईदगाह पर श्रमदान किया गया। जिसमें जिले के अधिकारियों सहित विभिन्न जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया। तो वहीं बाद शिव टोरिया पर नमो पार्क, नमो उपवन, नमो विकास अभियान के अमृत हरित महा अभियान अंतर्गत एक पेड़ मां के नाम की थीम पर पौधारोपण किया गया।



जिसके चलते विभिन्न प्रजातियों के छायादार और फलदार पौधे रौपे गए। इस मौके पर अपर कलेक्टर डीएन सिंह, एसडीम बृज बिहारी लाल श्रीवास्तव, नपा उपाध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज शर्मा, पार्षद प्रतिनिधि योगेश खेरा, धर्मेंद्र रघुवंशी, गोपाल ओझा, मनीष धुर्रेटें, वरिष्ठ भाजपा नेता नारायण प्रसाद शर्मा एवं अंजुमन इस्लाम कमेटी केसदस्य उपस्थित रहे।

# कुंडपुर में नपा ने चलाया सफाई अभियान

**स्वच्छता के तहत की प्राचीन बावड़ी की सफाई**

**सफाई के धाम पर किया गया पौधारोपण**

**नवभारत न्यूज**

**शाढ़ौरा।** नगर परिषद द्वारा सेबा पखबाड़ा अभियान के तहत गुरूवार को पौधारोपण एवं प्राचीन बाबड़ी की साफ-सफाई की गई। तो वहीं लोक कल्याण शिविर का आयोजन किया गया।

सीएमओ शमशाद पठान ने बताया कि सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत आज कुंडलपुर धाम पर एक पेड़ मां के नाम पौधारोपण अभियान चलाया गया, जिसमें फलदार और छायादार पौधे स्व सहायता समूह की महिलाओ और नपा स्टॉफ द्वारा रोपे गये। इसके बाद कुंडल पुर पर स्थित प्राचीन बाबड़ी की साफ-सफाई कराई गई और उसके बाद नगर परिषद कार्यालय लोक कल्याण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें बैंक अधिकारियों द्वारा ऑनलाइन पेमेंट के बारे मे बताया, किसी को अपनी ओटीपी न देने की बात कही, पीएम स्वनिधि और शासन द्वारा चलाई जा रही महत्व पूर्ण योजनाओ की जानकारी दी गई। इस अवसर पर उपयंत्री आजाद जैन, मध्यांचल बैंक से अशोक मीना फील्ड ऑफिसर, विपिन केबट, और पंजाब नेशनल बैंक से सुमित आनंद मेनेजर, रामकुमार रघुवंशी, सेवा पखबाड़ नोडल रानी राजपूत, नीरज श्रीवास्तव, सुदामा किरार सहित अन्य नपा स्टॉफ मौजूद रहा।



# समाज में जागरुकता ही एड्स का उपचार : भार्गव

**अशोकनगर।** गुरुदेव संस्थान पैरामेडिकल कॉलेज में गुरूवार को एड्स जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें जिला चिकित्सालय अशोकनगर के एड्स काउंसलर संतोष भार्गव ने छात्र-छात्राओं को एड्स के कारण एवं निवारण की विस्तृत जानकारी दी।

इस दौरान श्री भार्गव ने बताया कि एड्स का मुख्य कारण एचआईवी वायरस है, जो असुरक्षित यौन संबंध, संक्रमित रक्त चढ़ाने, नशे की सुई साझा करने और गर्भावस्था/प्रसव के दौरान मां से शिशु में फैल सकता है। उन्होंने आगे कहा कि इस बीमारी से बचाव पूरी तरह संभव है यदि समाज जागरूकता के साथ कुछ नियम अपनाए। जिनमें असुरक्षित यौन संबंध न बनाएं, केवल प्रमाणित केंद्रों से जांच एवं सुरक्षित रक्त चढ़ाएं, किसी और की सुई, ब्लेड, रेज़र आदि का प्रयोग न करें। वहीं संक्रमण की आशंका होने पर तुरंत जांच एवं परामर्श लें। श्री भार्गव ने यह भी बताया कि एड्स पीड़ितों के प्रति भेदभाव न करते हुए उन्हें सहयोग और उचित उपचार उपलब्ध कराना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। इस अवसर पर प्रियंका शर्मा, नरेंद्र शर्मा, भूपेंद्र सिंह रघुवंशी द्वारा छात्र-छात्राओं के बीच अपनी बात रखी।



# ट्रंप के टैरिफ का सामना करने के लिए अपनाएं स्वेदशी वस्तु

## शासकीय माधव महाविद्यालय में आयोजित हुआ स्वेदशी पर व्याख्यान कार्यक्रम

**नवभारत न्यूज**

**चंदेरी।** जब भारत अमेरिका राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से 50 प्रतिशत से अधिक टैरिफ के खतरे का सामना कर रहा,तो इस खतरे से निजात के लिए स्वदेशी वस्तुओं का प्रयोग करना अति आवश्यक है, जिससे की इस खतरे से निपटा जा सके। यह बात शासकीय माधव महाविद्यालय में गुरूवार को स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ द्वारा स्वदेशी पर व्याख्यान कार्यक्रम के दौरान कॉलेज के प्राचार्य डॉ. व्ही के पाण्डेय ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहीं। तो वहीं उन्होंनें समस्त स्टाफ और विद्यार्थीयों को स्वदेशी अपनाने के लिए संकल्प दिलाया। वहीं प्रदेश व राज्य सरकारों से मैन्युफैक्चरिंग गतिविधियों में लाने की बात छात्राओं ने कहीं। इसके अलावा कार्यक्रम में प्रकोष्ठ के प्रभारी डा संजीव राजपूत ने राज्य को आत्मनिर्भर करने बात कहते हुए कहा कि जब राज्य और केंद्र साथ मिलकर काम करेंगे तो आत्मनिर्भर भारत का सपना साकार होगा। स्वदेशी भारत की अर्थव्यवस्था को गति देंगे और देश में गरीबों एवं महिलाओं और उद्यमियों को लाभ मिलेगा। इसी तारतम्य मैं एनएसएस अधिकारी डी एस चौधरी ने कहा स्वदेशी की भावना आत्म संयम और आत्मनिर्भरता के बीच के साथ लेकर चलती है जो मानवीय दक्षता की सबसे सच्ची कसौटी है। इस मौके डॉ कृष्णगोपाल भार्गव, संचिता राठौर सहित स्टॉफ और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



**धर्म-कर्म**

## जिस दिन तुम्हे राजनीति अच्छी लगने लग जाएगी उस दिन तुम्हें वापस बुला लूंगा

# भाजपा ने मनाई पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** एकात्म मानववाद और अंत्योदय के प्रणेता,प्रखर राष्ट्रवादी, भाजपा के प्रेरणास्त्रोत पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर गुरुवार को भाजपा जिलाध्यक्ष आलोक तिवारी द्वारा जिले की चंदेरी विधान सभा के बूथ क्रमांक 207 पर बूथ कार्यसमिति के साथ उनके चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी डॉ हरवीर सिंह रघुवंशी ने देते हुए बताया कि जिले भर के सभी 778 बूथों पर भाजपा द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष श्री तिवारी ने उनके संस्मरण सुनाते हुए कहा कहा कि जब पंडित दीनदयाल उपाध्याय उत्तर प्रदेश में आरएसएस के प्रान्त प्रचारक थे, उन्हें संघ के द्वितीय सर संघचालक गुरु जी ने बुलाया और कहा कि दीनदयाल जी अब आपको जनसंघ (वर्तमान बीजेपी) का काम देखना है। ये सुनकर दीनदयाल जी असहज हो गए और गुरु जी से निवेदन किया कि गुरु जी मैं राजनीतिक जीवन नहीं जी सकता, मेरी वृति मुझे राजनीति करने की अनुमति नहीं देती, और मुझे राजनीति अच्छी भी नहीं लगती। इसलिए मैं निवेदन करता हूं कि आप मुझे यह काम न सौंपे। तब गुरुजी का उत्तर था कि जिस दिन तुम्हे राजनीति अच्छी लगने लग जाएगी उस दिन तुम्हे मैं वापिस बुला लूंगा। बस उसी दिन से दीनदयाल जी अपने दो जोड़ी धोती कुर्ते लेकर राष्ट्रवादी राजनीति की नींव में खुद पत्थर बनने निकल गए। पं. जवाहरलाल नेहरू केबिनेट के हिन्दू विरोध से दुखी होकर निकले श्यामा प्रसाद मुखर्जी को लेकर भारत के एक राष्ट्र्वादी दल जनसंघ के निर्माण में खुद को तिल-तिल गलाकर जीवन खपा कर जनसंघ (बीजेपी) जैसे दल का निर्माण कर गए, जो आज हर देशद्रोही चुनोंतियों से लड़ रही है। आज उस नींव पर ही बीजेपी जैसा महल खड़ा है। पूरा जीवन सादा जीवन दो जोड़ी कपड़े में जनसंघ का अध्यक्ष,फटी धोती पैदल साइकल चने भूंगडे खाकर संगठन को स्थापित किया। पं.दीनदयाल जी ने अंत्योदय का वह विचार प्रस्तुत किया,जिसने समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक विकास और सम्मान की किरण पहुंचाने का मार्ग प्रशस्त किया। आज वह हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनके सिद्धांत हमें आत्म बल और देश सेवा की प्रेरणा देते हैं। और उनके अंत्योदय के विचार को जन जन तक पहुंचाने के लिए हम सभी संकल्प बद्ध हैं। बैठक में बूथ अध्यक्ष राज रैकवार, मंडल मंत्री राज कुमार रैकवार,सचिन रैकवार,मदन रैकवार,खुशी लाल,अक्षय शाद, अनिल साहू आदि उपस्थित रहे।



### आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान की जिला कार्यशाला संपन्न

**अशोकनगर।** आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान की जिला कार्यशाला का आयोजन गुरुवार को स्थानीय राजश्री होटल में किया गया। कार्यशाला जिलाध्यक्ष आलोक तिवारी के नेतृत्व में आयोजित हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी,पं दीन दयाल उपाध्याय के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण से हुआ। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में शिवपुरी के पूर्व विधायक पूर्व जिला अध्यक्ष नरेंद्र बिरथरे उपस्थिति थे।

# श्रीराम के बिरह में राम- राम कहते हुए दशरथ जी ने त्यागे प्राण

**केवट ने भगवान श्रीराम के पखारे पांव**

**रामलीला देखने पहुंच रहे बड़ी संख्या में श्रद्धालु**

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** श्री गया प्रसाद कलाकार मंडल की रामलीला स्थानीय रामलीला मंच सुभासगंज में चल रही है। जिसमें सर्वप्रथम भगवान गणेश , रामायण जी, राम जी की आरती के साथ की गई। इसके के पश्चात लीला प्रारंभ हुई, जिसके प्रथम दृश्य में अपने पिता के वचनों को मानते हुए राम लक्ष्मण सीता ने वनवासियों का भेष धारण करके वन की ओर प्रस्थान किया, जिसे देख अयोध्यावासियो द्वारा राम जी को रोकने का प्रयास किया गया , जिसका बहुत ही मनमोहक दृश्य प्रस्तुत किया गया। वहीं राम, सुमंत के साथ वन में आगे बड़े और वे श्रृंगवेरपुर पहुंचे जहां उनकी निषाद राज गोह से भेट हुई, फिर श्रीराम केवट के पास पहुंचे, जहां केवट ने उनके पैर धोकर उन्हें अपनी नाव पर चढ़ा और फिर गंगा पार कराया। इसके बाद राम जी ने सुमंत जी को वापस भेज दिया, सुमंत जी वापस आए और दुख मे भरे हुए सुमंत जी ने दशरथ जी को राम जी के ना लौटने की खबर दी, खबर को सुनते ही दशरथ जी बहुत दुखी हुए और दुख में भरे हुए राम-राम कहते हुए ने दशरथ जी ने अपने प्राण त्याग दिए। लीला में रामायण का वाचन कथा वाचक चंद्र मोहन मिश्रा द्वारा किया गया। वहीं संचालन रजनीश सिंघई प्रिंस एवं जगदीश अवस्थी द्वारा किया गया। लीला में बहुत सुंदर दृश्ययो को सजाया जा रहा है जिनको सीनरी डायरेक्टर प्रवीण जादूगर, राघवेंद्र यादव, गुड्डू विष्णु सेन , शिवनारायण ओझा एवं नारायण बोहरे द्वारा लगाया जा रहा है। लीला में राम आर्यन शर्मा, लक्ष्मण सुमित श्रीवास्तव सीता अभिषेक शर्मा बने हुए है।

